सकार शक्ति का बीज है। प्रथम शुक्ल धातु (वीर्य) का यह प्रतिनिधि है। षकार भानु, रवि, दिवाकर का बीज है। द्वितीय मज्जा धातु का यह प्रतिनिधि है। शकार श्री, रमा, लक्ष्मी का बीज है। तृतीय अस्थि धातु का यह प्रतिनिधि है। वकार वारुण, जलीय बीज है। चतुर्थ मेदा धातु का यह प्रतिनिधि है। पंचम बीज लकार इन्द्रदेवता का माना गया है। मांस धातु में धरणी, मही — अर्थात् पृथ्वी तत्त्व की प्रधानता रहती है। रकार अग्नि देवता का बीज है। रक्त धातु का यह प्रतिनिधि है। क्रोध और पावक का भी इससे बोध होता है। यकार वायु का बीज है। स्नायुजाल के रूप में इसे मान्यता मिली है। मारुत बीज के रूप में भी इसका प्रयोग किया जाता है। मकार कालमृत्यु का बीज है। यह अष्टम बीज मृत्युकारक है। इस तरह से प्रथम आवरण के अष्टदल कमल में अंकित होने वाले आठ वर्णों का परिचय यहाँ दिया गया है।।३६-३९।।

मकारः कालमृत्युश्च अष्टमं मृत्युकारकम् ।
एतानि चाष्टवर्गस्य नामान्येवं स्मृतानि च ।।३९।।

अकारपर्यायाः

द्वितीयं तु कला ज्ञेयं तत्कलाद्यक्षरं शृणु ।
आदिबीजं च वर्णादिर्वर्गादिश्च कलादि च ।।४०।।
स्वरादिश्चैव मात्रादिरादिप्रकृतिरेव च ।
जीवादिश्च कला मात्रा आदिश्चैव स्वरस्तथा ।।४१।।
एतत्पर्यायनामानि अकारस्य स्मृतानि वै ।
आकारादीनि शेषाणि कलाश्चेति प्रकीर्तिताः ।।४२।।
तृतीयावरणे वर्णा विकलाश्च प्रकीर्तिताः ।
वर्णानां चैव वर्गाणामेवमेवं प्रकीर्तितम् ।।४३।।
एवं हि वर्गवर्णादीन् ज्ञात्वा मन्त्रान् समुद्धरेत् ।
वर्गभेदो मया प्रोक्तो मन्त्रभेदमथ शृणु ।।४४।।

।। इति श्रीवातुले शुद्धाख्यतन्त्रे वर्गभेदो नाम
चतुर्थः पटलः समाप्तः ।।

अब द्वितीय आवरण के षोडशदल कमल में अंकित होने वाले १६ स्वरों का परिचय सुनो। आदिबीज, वर्णादि, वर्गादि, कलादि, स्वरादि, मात्रादि, आदिप्रकृति, जीवादि, कला, मात्रा और आदिस्वर — ये सब अकार के पर्यायवाची शब्द हैं। बाकी बचे आकार आदि पन्द्रह स्वर कला के नाम से जाने जाते हैं।।४०-४२।।

तृतीय आवरण के चौबीस दल वाले कमल में अंकित होने वाले वर्णों को विकला के नाम से जाना जाता है। इनमें ककार से लेकर भकार पर्यन्त वर्णों का न्यास किया जाता है। वर्णों और वर्गों का परिचय इसी तरह से यहाँ दिया गया है। इन सब वर्णों और वर्गों का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर लेने के उपरान्त ही मन्त्रों का उद्धार करना चाहिये। प्रस्तुत पटल में वर्गों के भेदों का विवरण दिया गया है। अब आगे के पाँचवें पटल में मन्त्रों के विविध भेदों का परिचय दिया जा रहा है।।४३-४४।।

।। इस तरह से श्री वातुलशुद्धाख्यतन्त्र का यह वर्गभेद नामक चतुर्थ पटल पूरा हुआ ।।४।।

❋ ❋ ❋

पञ्चमः पटलः

मन्त्रमाहात्म्यम्

अथातः संप्रवक्ष्यामि मन्त्रभेदविधिं परम् ।
भुक्तिदं मुक्तिदं चैव सर्वकामार्थसिद्धिदम् ।।१।।

मन्त्रस्तु देवतारूपं मन्त्ररूपमिदं जगत् ।
परार्धकोटिमन्त्राश्च शिववक्त्राद् विनिर्गताः ।।२।।

कर्षणादिक्रियाः सर्वा मन्त्रेणैव प्रकीर्तिताः ।
तस्मान्मन्त्रः क्रियार्थः स्याद् विना मन्त्रं क्रिया न च ।।३।।

मन्त्रेण देवता स्थाप्या मन्त्रेण यजनादयः ।
स्नानं मन्त्रेण कर्तव्यं मन्त्रेणाहुतितर्पणे ।।४।।

प्रायश्चित्तं तु मन्त्रेण दीक्षा मन्त्रेण चैव हि ।
अणिमादीनि मन्त्रेण सालोक्यादिपदं तथा ।।५।।

मन्त्रेण पातकादीनि मुच्यन्ते सर्वजन्मिनाम् ।
सर्वमन्त्रक्रियाश्चैव मन्त्रं शृणु षडानन ।।६।।

अब मैं श्रेष्ठ मन्त्रभेदविधि का वर्णन करूँगा। मन्त्र भोग और मोक्ष को देने वाला है। सभी कामनाओं को पूरा करने वाला है और अर्थ का भी प्रदाता है, अर्थात् मन्त्र की सहायता से सभी पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। मन्त्र देवता का ही स्वरूप है और यह सारा जगत् भी मन्त्रस्वरूप ही है। भगवान् शिव के मुख से करोड़ों परार्ध मन्त्र निकले हैं। भूमिकर्षण से लेकर प्रतिमास्थापन पर्यन्त समस्त क्रियाकलाप मन्त्रों की सहायता से ही संपन्न होते हैं। इस तरह से सारे धार्मिक कार्यों के सम्पादन के लिये मन्त्रों का उपदेश होता है, अतः मन्त्र के बिना कोई क्रिया सम्पन्न नहीं हो सकती। मन्त्रों की सहायता से देवताओं की स्थापना की जाती है और मन्त्रों की सहायता से ही पूजा आदि की जाती है। स्नान भी मन्त्रोच्चारपूर्वक होता है और आहुति देते समय या तर्पण करते समय भी मन्त्रोच्चार आवश्यक है। प्रायश्चित्त भी मन्त्र की सहायता से सम्पन्न होता है और दीक्षा भी। अणिमा आदि सिद्धियों की तथा सालोक्य आदि पदों की प्राप्ति भी मन्त्रों की सहायता से ही होती है। मन्त्र की सहायता

मन्त्रनिर्वचनम्

मननं सर्वपक्षेषु त्राणं संसारसागरात् ।
मननत्राणधर्मित्वाद् मन्त्र इत्यभिधीयते ।।७।।

आह्वानतः स्वनाम्ना तु जनः संनिहितो भवेत् ।
तथा मन्त्रप्रयोगेण तत्र संनिहितः शिवः ।।८।।

तस्माद् मन्त्रं महासेन रहस्यं न प्रकाशय ।
पूर्वोक्तदेशे कृत्वा तु मण्टपं लक्षणान्वितम् ।।९।।

गोमयेनानुलिप्याथ मण्टपं भूषयेत् ततः ।
अस्त्रमन्त्रेण संप्रोक्ष्य तन्मध्ये चक्रमालिखेत् ।।१०।।

कर्णिकां केसरांश्चैव दलान्युपदलानि वै ।
क्रमेणैव तु संलिख्य चाधारादीन् प्रपूजयेत् ।।११।।

तन्मध्ये शिवपूजादीन् प्रकुर्यात् पूर्ववत् क्रमात् ।
तच्चक्रे स्थितिमार्गेण प्रासादं तु समुद्धरेत् ।।१२।।

से समस्त प्राणियों के पाप धुल जाते हैं। अधिक क्या? समस्त कार्यकलाप मन्त्र की सहायता से ही सिद्ध होते हैं। हे षडानन ! इसीलिये मैं तुमको मन्त्र का उपदेश कर रहा हूँ। तुम सावधानी से सुनो।।१-६।।

मन्त्र की सहायता से सभी विषयों के चिन्तन की सामर्थ्य प्राप्त होती है और इसकी सहायता से ही प्राणी संसार-सागर से त्राण भी प्राप्त करता है। इस तरह से मनन से त्राण करने वाला होने से इसे **मन्त्र** कहते हैं। मन्त्र पद की यह निरुक्ति सभी शास्त्रों में मिलती है। अपने नाम से पुकारे जाने पर जैसे कोई भी मनुष्य पुकारने वाले के पास चला आता है, उसी तरह से मन्त्र का उच्चारण करने पर भगवान् शिव का सांनिध्य प्राप्त होता है। इसीलिये हे महासेन ! गुरुमुख से प्राप्त मन्त्र के रहस्य को प्रकाशित नहीं करना चाहिये।।७-९।।

तृतीय पटल में वर्णित किसी एक स्थान पर सभी लक्षणों से समन्वित मण्टप का निर्माण कर गोबर से उस स्थान को लीपकर उसे सभी प्रकार से अलंकृत करना चाहिये। मण्टप-स्थान को अस्त्र मन्त्र से प्रोक्षित कर उसके बीच में चक्र को लिखना चाहिये। कर्णिका, केसर, दल, उपदल इन सबका क्रमशः निर्माण कर उनमें क्रमशः आधारशक्ति आदि का पूजन करे। तृतीय पटल में वर्णित पद्धति से सभी आवरण देवताओं का पूजन भी क्रमशः करना चाहिये।।९-१२।।

प्रासादमन्त्रनिर्वचनम्

प्राशब्देन शिवो ज्ञेयः साशब्दः शक्तिरुच्यते ।
तत्स्वरूपं तु दःशब्दस्त्रिवर्णमभिधीयते ।।१३।।

दानेन मुक्तिदो यस्मात् तस्मात् प्रासाद उच्यते ।
अज्ञान-ज्ञान-विज्ञेयं त्रिविधं विद्यते क्रमात् ।।१४।।

अन्धकारवदज्ञानं दीप्तिवज्ज्ञानमुच्यते ।
ज्ञेयं भास्करवत् प्रोक्तमिति ज्ञानं विशिष्यते ।।१५।।

शिवज्ञानात् परं ज्ञानं नहि लोकेषु विद्यते ।

पञ्चधा प्रासादः

प्रासादः पञ्चधा प्रोक्तस्तद्भेदो वक्ष्यतेऽधुना ।।१६।।

शुद्धो मूलं तथा तत्त्वमादिरात्मेति पञ्चधा ।
प्रासादा उदितास्तेषां शुद्धप्रासाद उच्यते ।।१७।।

१. शुद्धप्रासादः

शुद्धः शिव इति प्रोक्तस्तस्माच्छुद्धः प्रकीर्तितः ।
नादाख्यं यत्परं बीजमादिस्वरसमन्वितम् ।।१८।।

इतना कर लेने के उपरान्त इस वर्णचक्र की सहायता से चतुर्थ पटल में वर्णित स्थितिवर्ग के क्रम से प्रासाद मन्त्र का उद्धार करना चाहिये। यहाँ१. शुद्ध प्रासादः **प्रा** शब्द शिव का, **सा** शब्द शक्ति का और **द** शब्द इस दोनों का वाचक है। यह मन्त्र अपने जापक को शिव और शक्ति के स्वरूप का बोध कराता है, अतः इसे **प्रासाद** मन्त्र कहते हैं। अज्ञान, ज्ञान और विज्ञेय ये तीन स्थितियाँ साधक के सामने रहती हैं। अज्ञान की स्थिति अन्धकार के सदृश, ज्ञान की प्रकाश के सदृश और ज्ञेय की स्थिति भास्कर के समान होती है। इनमें ज्ञान की ही श्रेष्ठता मानी गई है। इस प्रकार शिव को चिच्छक्ति के द्वारा ही जाना जाता है। अतः प्रासाद मन्त्र के ज्ञान की अपनी विशेषता है। इस संसार में शिवज्ञान से श्रेष्ठ अन्य कोई भी ज्ञान नहीं है। इस शिवज्ञान की प्राप्ति का प्रमुख साधन प्रासाद मन्त्र है। यह प्रासाद मन्त्र पाँच प्रकार का है। अब मैं उन भेदों का वर्णन करूँगा।।१२-१६।।

पंचविध प्रासाद मन्त्रों के नाम शुद्ध, मूल, तत्त्व, आदि और आत्मा हैं। क्रमशः इनका स्वरूप बताया जा रहा है। इनमें शुद्ध प्रासाद मन्त्र का उद्धार पहले किया जा रहा है। शुद्ध शब्द शिव का बोधक है। शिवज्ञान का प्रथम साधन यह प्रथम प्रासाद मन्त्र भी इसीलिये शुद्ध नाम से जाना जाता है। नाद नामक जो श्रेष्ठ बीज हकार है, उसे आदिस्वर अकार से संयोजित करने पर शुद्ध प्रासाद मन्त्र का स्वरूप बनता है। सभी प्राणियों के हृदय में इसका नदन होता रहता है। यह मुक्ति को देने वाला, परम दिव्य और सभी प्रकार की सिद्धियों

तच्छुद्धमिति विज्ञेयं सर्वभूतव्यवस्थितम् ।
मुक्तिदं परमं दिव्यं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।।१९।।
तद् विदित्वा महासेन देशिकः पाशहा भवेत् ।
शुद्धप्रासाद इत्युक्तो मूलप्रासाद उच्यते ।।२०।।

२. मूलप्रासादः

सर्वेषामेव तत्त्वानां मूलं शिव इति स्मृतः ।
तस्माद् मूलमिति प्रोक्तं मूलमन्त्रस्तदुच्यते ।।२१।।
षष्ठं त्रयोदशान्तं च पञ्चमे विनियोजयेत् ।
शिवशक्तिसमायुक्तः शिवमन्त्र इति स्मृतः ।।२२।।
शिवमेकं विजानीयाद् मन्त्रमूर्तिं परं शिवम् ।
नादः किरीट इत्युक्तो बिन्दुर्वक्त्रमुदाहृतः ।।२३।।
हकारो देह इत्युक्तो द्वे शृङ्गे च भुजौ तथा ।
वह्निं पादद्वयं विद्यान्मन्त्रमूर्तिरुदाहृता ।।२४।।
स्थूलं सूक्ष्मं परं चैव त्रिविधं तु प्रकीर्तितम् ।
स्थूलं वर्णाकृतिं विद्यात् सूक्ष्मं तच्छब्द उच्यते ।।२५।।

का प्रदाता है। हे महासेन ! इस शुद्धप्रासाद मन्त्र के स्वरूप को जानकर आचार्य शिष्यों के सभी प्रकार के पाशों को काट डालने में समर्थ हो जाता है।।१७-२०।।

शुद्धप्रासाद मन्त्र का स्वरूप यहाँ बताया गया है। अब मूलप्रासाद का स्वरूप कहा जा रहा है। सभी छत्तीस तत्त्वों का मूलकारण भगवान् शिव को बताया गया है। भगवान् शिव के वाचक इस प्रासाद मन्त्र को भी इसीलिये मूलप्रासाद मन्त्र कहा जाता है। वर्णों के स्थितिवर्ग के आधार पर षष्ठ रेफ और त्रयोदश स्वर ओकार को पंचम हकार के साथ संयुक्त कर उसे शिवशक्ति, अर्थात् बिन्दुनाद से विभूषित करने से **ह्रौं** यह मूलप्रासाद मन्त्र बनता है। एक ही भगवान् शिव सर्वत्र व्याप्त हैं। परमशिव मन्त्रस्वरूप ही हैं। नाद इनका किरीट और बिन्दु मुख माना गया है। हकार इनका देह है। ओकार से इनकी भुजाएँ बनती हैं और वह्निबीज रेफ से दो चरण। इस तरह से मूलप्रासाद मन्त्र परमशिव की मन्त्रमूर्ति है।।२०-२४।।

भगवान् शिव का स्थूल, सूक्ष्म और पर नामक त्रिविध स्वरूप है। स्थूल स्वरूप वर्ण की आकृति धारण करता है और सूक्ष्म शब्द के रूप में उच्चरित होता है। अकार से लेकर क्षकार पर्यन्त सभी वर्ण पांचभौतिक माने गये हैं। पाँच-पाँच, अर्थात् दस के क्रम से ये पाँच भूतों के लिये प्रयुक्त होते हैं। अन्ततः इन वर्णों की संख्या पचास हो जाती है। वर्णमाला के मध्य में स्थित पंचम बीज हकार को भगवान् का परस्वरूप माना जाता है। पंचभूतों

अकारादिक्षकारान्तं पाञ्चभौतिकमुच्यते ।
पञ्च पञ्च प्रयुञ्जीत पञ्चाशद्वर्णमीरितम् ।।२६।।
अन्तर्यत् पञ्चमं बीजं तत्परं परिकीर्तितम् ।
पाञ्चभौतिकसंबन्धो जीवाधार इति स्मृतः ।।२७।।
एवं ज्ञात्वा तु मन्त्रज्ञः सर्वपापात् प्रमुच्यते ।
एवं वै पञ्चभूतत्वं जीवप्रासाद उच्यते ।।२८।।
ब्रह्मादिस्तम्भपर्यन्तं जगद्योनिश्चराचरम् ।
भूतं भव्यं भविष्यद् यत् प्रासादे सर्वमुद्भूतम् ।।२९।।
मूलप्रासाद इत्युक्तस्तत्त्वप्रासाद उच्यते ।

३. तत्त्वप्रासादः

तत्त्वं चैवादिबीजं च तत्त्वान्ते विनियोजयेत् ।।३०।।
कार्यकारणसंयुक्तं सर्वतत्त्वात्मकं विदुः ।
तत्त्वप्रासाद इत्युक्त आदिप्रासाद उच्यते ।।३१।।

४. आदिप्रासादः

आद्यं चतुर्दशं चैव जीवान्ते विनियोजयेत् ।
आधाराधेयसंयुक्तमादिबीजमिहोच्यते ।।३२।।

से संबद्ध ये वर्ण ही जीव नामक हकार के पुर्यष्टक हैं। इस तरह से शिव के इन स्थूल, सूक्ष्म और पर स्वरूपों को भलीभाँति समझ लेने वाला मन्त्रोपासक सभी पापों से मुक्त हो जाता है। पंचभूतों से इनकी संबद्धता के कारण ही इनको जीवप्रासाद कहा जाता है। ब्रह्मा से लेकर क्षुद्र तृण पर्यन्त नाना योनियों में विभक्त यह सारा चराचरात्मक जगत् भूत, भविष्यत् और वर्तमान रूप में प्रासाद मन्त्र का ही स्वरूप है, सब कुछ इसी प्रासाद मन्त्र से उद्भूत है, अतः इसे मूलप्रासाद कहा जाता है। मूलप्रासाद का स्वरूप बता देने के बाद अब तत्त्वप्रासाद का स्वरूप कहते हैं।।२५-३०।।

वर्णों के स्थितिवर्ग के आधार पर तत्त्व (पंचम) वर्ण लकार के साथ आदिबीज अकार को जोड़ कर उन्हें तत्त्वान्त हकार से संयुक्त करना चाहिये। इनको कार्यकारण, अर्थात् बिन्दु-नाद से विभूषित करने पर **ह्लैं** यह सर्वतत्त्वात्मक तत्त्वप्रासाद का स्वरूप बनता है। अब आदिप्रासाद का स्वरूप बताया जा रहा है।।३०-३१।।

वर्णों की ऊपर बताई स्थितिवर्ग की पद्धति से आद्य वर्ण सकार है। इसको चतुर्दश स्वर औकार के साथ जीवान्त हकार से संयुक्त कर उसे आधार और आधेय, अर्थात् बिन्दुनाद से सुशोभित करने पर **ह्सौं** यह आदिप्रासाद मन्त्र उद्धृत होता है। आदिशक्ति के अपने बीज सकार का यहाँ संयोग होने से इसे आदिप्रासाद कहा जाता है। शिव और शक्ति की अभिन्नता

आदिशक्तेः स्वबीजेन संयोगादादिरुच्यते ।
एतच्छिवमयं बीजं सर्वसिद्धिकरं परम् ।।३३।।
आदिप्रासाद इत्युक्त आत्मप्रासाद उच्यते ।

५. आत्मप्रासादः

भूतान्तं तु समुद्धृत्य आदिप्रकृतिसंयुतम् ।।३४।।
प्रथमं तु समुद्धृत्य आदिप्रकृतिसंयुतम् ।
तयोर्मध्यगता शक्तिरात्मबीजमिति स्मृतम् ।।३५।।
हृत्सरोरुहमध्ये तु संस्थितं सर्वकारणम् ।
आत्मप्रासाद इत्युक्तो जीवप्रासाद उच्यते ।।३६।।
एते वै शिवबीजत्वाच्छिवमन्त्रा इति स्मृताः ।
शुद्धादि चात्मपर्यन्तं स्थितिमार्गेण चोद्धृताः ।।३७।।

पञ्चधा सादाख्यो मन्त्रः

शिवमन्त्रो मया प्रोक्तः सदाशिवमथ शृणु ।
सादाख्यं सौम्यरूपत्वात् सृष्टिमार्गेण चोद्धरेत् ।।३८।।

के आधार पर यह शिवमय बीज सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाला श्रेष्ठ बीज है। आदिप्रासाद मन्त्र के स्वरूप को बताने के बाद अब आत्मप्रासाद मन्त्र का उद्धार किया जा रहा है।।३२-३४।।

भूतान्त इकार का उद्धार कर उसे आदिप्रकृति, अर्थात् प्रकृतिस्वर के प्रथम वर्ण अकार से संयुक्त करे। तदुपरान्त स्थितिवर्ग की पद्धति से प्रथम वर्ण सकार के साथ षोडश स्वर विसर्ग को संयोजित करे। इन दोनों के बीच में शक्तिबीज बिन्दु को जोड़ देने पर **हंस** इस तरह से आत्मप्रासाद मन्त्र का स्वरूप बनता है। इसीको जीवप्रासाद भी कहते हैं। इन सभी मन्त्रों में शिवबीज हकार का संयोग होने से ये शिवमन्त्र कहलाते हैं। शुद्धप्रासाद से लेकर आत्मप्रासाद पर्यन्त इन सभी प्रासाद मन्त्रों का उद्धार स्थिति- मार्ग की पद्धति से किया गया है।।३४-३७।।

ऊपर शिवमन्त्रों के उद्धार की पद्धति बताई गई है। अब सदाशिव मन्त्रों के उद्धार की पद्धति सुनो। सादाख्य मन्त्र सौम्य स्वरूप के माने जाते हैं, अतः इनका उद्धार सृष्टि-मार्ग के अनुसार किया जाता है। यह सादाख्य मन्त्र मोक्षद, अभिवृद्धि, काम्य, शान्तिक और पौष्टिक के भेद से पंचविध है। इनमें पंचाक्षर मन्त्र मोक्षद, षडक्षर मन्त्र अभिवृद्धि देने वाला, अष्टाक्षर कामद, नवाक्षर शान्तिद और दशाक्षर मन्त्र पौष्टिक माना गया है। इस तरह

मोक्षदश्चाभिवृद्धिश्च काम्यशान्तिकपौष्टिकाः ।
पञ्चाक्षरो मोक्षदः स्यादभिवृद्धिः षडक्षरः ।।३९।।

काम्यमष्टाक्षरं विद्याच्छान्तिकं तु नवाक्षरम् ।
पौष्टिकं दशबीजं स्याद् मन्त्राः पञ्चविधाः स्मृताः ।।४०।।

पञ्चाक्षरमन्त्रः

ईशे तुरीयमुद्धृत्य चैन्द्रे चतुर्दशान्वितम् ।
परापरसमायुक्तं शक्तिं चादिकलान्विताम् ।।४१।।

सोमान्तं द्विकलोपेतं सोमादित्वादिसंयुतम् ।
अयं पञ्चाक्षरो मन्त्रः परमो मुक्तिदो भवेत् ।।४२।।

हौं स शिवाय

षडक्षरमन्त्रः

भूतान्तं तु समुद्धृत्य चतुर्दशकलान्वितम् ।
कार्यकारणसंयुक्तमीशाद्यं त्रिकलायुतम् ।।४३।।

ईशानान्तं(द्यं) समुद्धृत्य ऐन्द्रानलसमायुतम् ।
सोमान्तं द्विकलोपेतं सोमादित्वादिसंयुतम् ।।४४।।

से सदाशिव मन्त्र के ये पाँच भेद शास्त्रों में वर्णित हैं।।३८-४०।।

ईश (अष्टम) वर्ग के चतुर्थ वर्ण हकार का उद्धार कर उसे ऐन्द्र (प्रथम) वर्ग के चतुर्दश स्वर औकार से तथा परापरसंज्ञक नाद-बिन्दु से संयुक्त करने पर **हौं** उद्धार होगा। इसके साथ शक्तिसंज्ञक सकार को आदिकला अकार से संयुक्त करे। तब ईशान वर्ग के आदि वर्ण शकार को तीसरे स्वर इकार से मिलाकर उद्धार करने से शिकार तथा सोम (कौबेर) नामक सप्तम वर्ग के अन्तिम वर्ण वकार को दूसरी कला आकार से तथा इसी सोम वर्ग के आदि अक्षर यकार को आदिवर्ण अकार से संयुक्त करने पर **हौं स शिवाय** यह पंचाक्षर मन्त्र बनेगा। यह परम मुक्ति को देने वाला है।।४१-४२।।

भूतान्त हकार का उद्धार कर उसे चतुर्दश स्वर औकार तथा कार्यकारण, अर्थात् बिन्दु-नाद से संयुक्त कर देने पर **हौं** का उद्धार होगा। तब ईश (अष्टम) वर्ग के आदि अक्षर शकार को तीसरी कला इकार से, सोम (सप्तम) वर्ग के अन्तिम वर्ण वकार को दूसरी कला आकार से तथा इसी तरह से सोम वर्ग के प्रथम अक्षर यकार को आदि कला अकार से संयुक्त करे। इसके आगे वर्णान्त नकार को आदि अकार से, मारुत नामक षष्ठ वर्ग के अन्तिम वर्ण मकार को कला (षोडश स्वर) से संयुक्त करने पर **हौं शिवाय नमः** यह

वर्णान्तं चादिसंयुक्तं मारुतान्तं कलान्वितम् ।
एवं षडक्षरः प्रोक्तः सर्वसिद्धिप्रदायकः ।।४५।।

हौं शिवाय नमः

अष्टाक्षरमन्त्रः

[गुह्यं चतुर्दशोपेतं शिवशक्तिसमायुतम् ।
भूतान्तमादिप्रकृति कार्यकारणसंयुतम् ।।]

ईशे तृतीयवर्णश्च प्रथमस्वरसंयुतः ।
शक्तिर्मात्रादिसंयुक्ता वारुणीद्वितृतीयकम् ।।४६।।

तृतीयं चास्थिसंयुक्तं सोमान्तं द्विकलायुतम् ।
अनिलादिकलोपेतमेवमष्टाक्षरं विदुः ।।४७।।

एवमष्टाक्षरः प्रोक्तः सर्वसम्पत्प्रदायकः ।

हौं हं स सदाशिवाय

नवाक्षरमन्त्रः

भूतान्तं तु समुद्धृत्य षट्पञ्चत्रिकलायुतम् ।।४८।।

कार्यकारणसंयुक्तं गुह्यं मात्रादिबिन्दुयुक् ।
शक्तिर्मात्रादिसंयुक्ता सप्तमान्तं द्विसंयुतम् ।।४९।।

षडक्षर मन्त्र उद्धृत होता है। यह षडक्षर मन्त्र सभी प्रकार की सिद्धियों का प्रदाता है।।४३-४५।।

गुह्य हकार को चतुर्दश कला औकार एवं शिव-शक्ति, अर्थात् बिन्दु-नाद से संयुक्त करे। इसके बाद भूतान्त हकार को प्रकृति के प्रथम स्वर अकार और कार्य-कारण (बिन्दु-नाद) से संयुक्त करे। इसके आगे ईश (अष्टम) वर्ग के तृतीय वर्ण सकार को प्रथम स्वर अकार से जोड़े। तब शक्तिबीज सकार को आदि मात्रा अकार से, वारुण पंचम वर्ग के तृतीय अक्षर दकार को द्वितीय मात्रा आकार से, अस्थिबीज शकार को तृतीय स्वर से, सोम (कौबेर) सप्तम वर्ग के अन्तिम अक्षर वकार को दूसरी कला आकार से और अनिल वर्ण यकार को आदिकला अकार से संयुक्त करने पर **हौं हँ स सदाशिवाय** यह अष्टाक्षर मन्त्र उद्धृत होता है। यह मन्त्र सभी प्रकार की संपत्ति को देने वाला है।।४५-४८।।

पहले भूतान्त हकार का उद्धार करे और उसको छ, पाँच और तीन, अर्थात् चोदहवीं कला औकार से विभूषित करे। इसको कार्यकारण (बिन्दु-नाद) से अलंकृत करने पर **हौं** इस प्रथम अक्षर का स्वरूप बनेगा। बाद में गुह्य हकार को प्रथम मात्रा अकार और बिन्दु से संयुक्त करे। इससे **हँ** का उद्धार होगा। शक्तिबीज सकार को आदिमात्रा अकार से, सप्तमान्त

अनिलान्तं त्वादियुक्तं लयाद्यं वरुणादिकम् ।
तयोर्मध्यगतं यान्तमादिबीजेन संयुतम् ।।५०।।

सप्तमाद्यं समुद्धृत्य षट्पञ्चमकलायुतम् ।
बिन्दुनादसमायुक्तं नवाक्षरमिदं विदुः ।।५१।।

एतद् वै परमं बीजं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
हौं हँ सँ माँ लँ क्षँ रँ तँ यँ

दशाक्षरमन्त्रः

परात्परं समुद्धृत्य चैन्द्रे चतुर्दशान्वितम् ।।५२।।

कार्यकारणसंयुक्तं शक्तिबीजसमन्वितम् ।
ईशे तृतीयकं चाथोपरि द्वितीयजीवयुक् ।।५३।।

सप्तमान्तं द्विसंयुक्तं षष्ठान्तं षट्कलान्वितम् ।
भूतान्तं तु समुद्धृत्य वह्निं तस्योपरि न्यसेत् ।।५४।।

पञ्चमान्तकलोपेतं भान्तमेकारसंयुतम् ।
पञ्चपञ्चममादि स्यात् षष्ठान्तं सप्तमादिकम् ।।५५।।

मकार को द्वितीय मात्रा आकार से, अनिल बीज रकार के आगे के लकार को अकार से, लयाद्य क्षकार, वरुण का आदि तकार, क्षकार और तकार के बीच में रकार, सप्तम वर्ग का आदिबीज यकार का उद्धार करे। इस यकार को छः और पाँच, अर्थात् एकादश कला एकार तथा इन सबको बिन्दु और नाद से संयुक्त करे। इस तरह से **हौं हँ सँ माँ लँ क्षँ रँ तँ यँ** — इस नवाक्षर मन्त्र का स्वरूप बनता है। यह नवाक्षर मन्त्र अतीव श्रेष्ठ मन्त्र है। यह सभी प्रकार की सिद्धियों का प्रदाता है।।४८-५२।।

पहले परात्पर हकार का उद्धार कर उसे प्रथम ऐन्द्र वर्ग की चौदहवीं मात्रा से संयुक्त कर इसे नाद-बिन्दु से अलंकृत करे। इस तरह से **हौं** बीज का उद्धार होता है। शक्ति- बीज सकार को ईश वर्ग के तृतीय अक्षर सकार से संयुक्त कर इसके ऊपर द्वितीय मात्रा आकार को संयोजित करे। तब सप्तमान्त वकार को द्वितीय कला आकार से, षष्ठान्त मकार को छठी कला ऊकार से विभूषित करे। इसके आगे भूतान्त हकार का उद्धार कर उसे वह्निबीज रकार और पंचमान्त, अर्थात् छठी कला ऊकार से संयोजित करे। भान्त मकार को एकार से, पंचम वर्ग के पंचम वर्ण नकार, षष्ठान्त मकार और सप्तम वर्ग के आदि वर्ण यकार का उद्धार करे। इन सबको बिन्दु-नाद से संयोजित करने पर दशाक्षर मन्त्र का — **हौं सँ साँ वाँ मूँ हूँ मैं नैं मैं यैं** — यह स्वरूप बनता है।।५२-५६।।

बिन्दुनादसमायुक्तं दशबीजमिहोच्यते ।
हौँ सँ साँ वाँ मूँ हूँ मैं नैं मैं यैं
एते पञ्चविधाः प्रोक्ता मन्त्राः पञ्चाक्षरादयः ।।५६।।
सदाशिवमिदं प्रोक्तं महेशं शृणु षण्मुख ।

त्रिविधो महेशमन्त्रः

महेशं रुद्रमूर्तित्वात् संहारेण समुद्धरेत् ।।५७।।
तस्य भेदस्त्रिधा ज्ञेयः सृष्टिस्थितिलयास्तथा ।
भूमौ तृतीयमुद्धृत्य सलिलाद्यसमन्वितम् ।।५८।।
भूमौ नवार्णकं विद्यादम्बरे तु षडक्षरम् ।
आधाराधेयसंयुक्तं सृष्टिबीजमिति स्मृतम् ।।५९।।
हँ मैं रँ ऊँ

स्थितिमन्त्रः

पृथिव्यां तु तृतीयं स्याद् व्योमान्तेन समन्वितम् ।
तद्वर्गे तुर्यमुद्धृत्य सुरमार्गान्तबिन्दुयुक् ।।६०।।
लयाद्यमनलं चैव पार्थिवान्तेन संयुतम् ।
व्योमषष्ठसमायुक्तं कार्यकारणसंयुतम् ।।६१।।

इस तरह से पंचाक्षर आदि पाँच मन्त्रों का स्वरूप यहाँ बताया गया है। ये सदाशिव देव के पंचविध मन्त्र हैं। अब हे षण्मुख ! महेश के मन्त्रों का स्वरूप सुनो।।५६-५७।।

महेश का स्वरूप रौद्र माना गया है। अतः उनके मन्त्रों का उद्धार संहारवर्ग की पद्धति से किया जाता है। सृष्टि, स्थिति और लय के भेद से महेश के मन्त्र तीन प्रकार के हैं। भूमिवर्ग का तृतीय वर्ण हकार है। सलिलवर्ग का प्रथम वर्ण मकार है। भूमिवर्ग का नवम अक्षर रकार और व्योमवर्ग का छठा अक्षर ऊकार है। इन चारों वर्णों को आधार और आधेय (बिन्दु और नाद) से संयुक्त करने पर महेश का प्रथम सृष्टि-बीज **ह् म् र् ऊँ** इस तरह से बनेगा।।५७-५९।।

पृथिवीवर्ग के तृतीय अक्षर हकार को व्योमवर्ग के अन्तिम अक्षर अकार से संयुक्त किया जाता है। इसके आगे शक्ति, सकार को रखकर इसे व्योमवर्ग के अन्तिम वर्ण अकार और बिन्दु से संयुक्त कर उसे लयाद्य सकार, रेफ और पार्थिवान्त यकार से संयुक्त करे। अन्त में व्योमवर्ग के छठे अक्षर ऊकार को कार्यकारण=बिन्दु और नाद से संयुक्त करने पर महेश के स्थिति-बीज का उद्धार होता है। उसका स्वरूप यह है—**हँ सँ क्षँ रँ यँ ऊँ**।।६०-६२।।

स्थितिबीजमिदं प्रोक्तं संहारश्चाधुनोच्यते ।
हँ सँ क्षँ रँ यँ ऊँ
संहारमन्त्रः
वह्निवर्गे तृतीयार्णं व्योमान्तेन समन्वितम् ।।६२।।
शिवशक्तिसमायुक्तं पृथिव्यादि समुद्धरेत् ।
द्वितीयाद्यं समुद्धृत्य तेजो वै पार्थिवान्तकम् ।।६३।।
अन्तरिक्षान्तसंयुक्तं कार्यकारणसंयुतम् ।
व्योम्नः षड्वर्णकं बिन्दुं संहारमिति कीर्तितम् ।
डँ क्षँ मँ रँ यँ ऊँ
महेशबीजमाख्यातं शक्तिबीजमथ शृणु ।।६४।।
पञ्चधा शक्तिमन्त्राः
शक्तिबीजं समुद्धृत्य द्विकलावह्निसंयुतम् ।
बिन्दुनादसमायुक्तं शक्तिबीजमिदं परम् ।।६५।।
स्त्रां
प्रथमा शक्तिरित्युक्ता द्वितीया शक्तिरुच्यते ।
नादाद्यं तु समुद्धृत्य षष्ठं मायासमन्वितम् ।।६६।।
बिन्दुनादसमायुक्तं

अब महेश मन्त्र के संहार-बीज का स्वरूप बताया जा रहा है। वह्निवर्ग के तृतीय वर्ण डकार को व्योमान्त अकार और बिन्दु-नाद से संयुक्त करे। तब पृथिवीवर्ग के प्रथम अक्षर क्षकार, द्वितीय वर्ग के आदिबीज मकार, वह्नि बीज रकार, पार्थिववर्ग के अन्तिम अक्षर यकार को रखकर व्योम वर्ग के छठे वर्ण ऊकार को बिन्दु से विभूषित करे। **डँ क्षँ मँ रँ यँ ऊँ** यह महेश का संहार-बीज है।।६२-६४।।

महेश के त्रिविध बीजों का उद्धार-क्रम ऊपर बताया गया है। अब शक्ति के पंचविध बीजों की उद्धार-पद्धति क्रमशः बताई जा रही है। शक्तिबीज सकार, द्वितीय कला आकार, वह्नि रकार को बिन्दु और नाद से संयुक्त करने पर **स्त्राँ** यह प्रथम शक्ति बीज उद्धृत होगा।।६४-६५।।

अब द्वितीय शक्तिबीज का उद्धार बताया जा रहा है। नाद (हकार) के आदि वर्ण सकार और षष्ठ रेफ को मायाबीज ईकार तथा बिन्दु-नाद से संयुक्त करने पर **स्त्रीं** यह द्वितीय शक्तिबीज बनेगा।।६५-६६।।

द्वितीय शक्तिबीज के बाद तृतीय शक्तिबीज का उद्धार इस तरह से होगा — तत्त्वान्त हकार के आदि वर्ण सकार को धरा बीज ऊकार, वह्निबीज रेफ तथा बिन्दु-नाद से संयोजित

स्त्रीं

द्वितीया शक्तिरीरिता ।
तत्त्वान्ताद्यं धरावह्निबिन्दुनादसमन्वितम् ।।६७।।
तृतीया शक्तिरित्युक्ता

स्त्रूँ

जीवाद्यं वह्निसंयुतम् ।
कलाद्वादशकाभेद्यं बिन्दुनादसमायुतम् ।।६८।।
चतुर्थी शक्तिरित्युक्ता

स्त्रैं

भूताद्यं वह्निसंयुतम् ।
चतुर्दशकलोपेतं बिन्दुनादसमन्वितम् ।।६९।।
पञ्चमी शक्तिरित्युक्ता शिवाङ्गमिव चोद्धृतम् ।

स्त्रौं

एतासां पञ्चशक्तीनामुमाशक्त्यादिरेव च ।।७०।।

गौरीबीजम्

गणवर्णं समुद्धृत्य वह्निमायासमन्वितम् ।
बिन्दुनादसमायुक्तं गौरीबीजमिदं परम् ।।७१।।

करने पर **स्त्रूँ** यह तृतीय शक्तिबीज बनेगा।।६६-६७।।

जीव (हकार) के आदिबीज सकार को वह्निबीज रेफ, बारहवीं कला ऐकार और बिन्दु-नाद से संयोजित करने पर **स्त्रैं** यह चतुर्थ शक्तिबीज उद्धृत होगा।।६७-६८।।

भूत (हकार) के आदि अक्षर सकार को वह्निबीज रेफ और चतुर्दश कला औंकार के साथ बिन्दु-नाद से संयुक्त करने पर **स्त्रौं** यह पंचम शक्तिबीज उद्धृत होगा। शिवांग- बीजों के समान इन शक्ति-बीजों का भी उद्धार किया जाता है। इन पाँच शक्तिबीजों की उमा, अम्बिका, गणानी, ईश्वरी और मनोन्मनी ये पाँच अधिदेवता हैं।।७०।।

गण-वर्ण गकार का उद्धार कर उसे वह्निबीज रेफ और मायाबीज ईकार से संयुक्त करे। इसे बिन्दु-नाद से अलंकृत कर देने पर **ग्रीं** इस श्रेष्ठ गौरीबीज का स्वरूप बनेगा। इसी तरह से अन्य शक्तियों के भी नाम के प्रथम अक्षर को कार्यकारण (बिन्दु-नाद) से संयुक्त कर देने पर उन-उन देवियों के बीजाक्षरों का उद्धार किया जा सकता है।।७१-७२।।

ग्रीं

अन्यासां चैव शक्तीनां स्वनामाद्यक्षरेण तु ।
कार्यकारणसंयुक्तं सर्वेषां शक्तिरुच्यते ।।७२।।

मन्त्रन्यासः

मन्त्र एवं समाख्यातो मन्त्रन्यासमथ शृणु ।
लिङ्गस्य स्थापनाकाले तत्त्वमन्त्रांश्च विन्यसेत् ।।७३।।

कुम्भेष्वन्तर्गतान् मन्त्रान् लिङ्गवत् पूरितान् बहिः ।
तयोर्योगे क्रियावस्था सुप्रतिष्ठेति कीर्तिता ।।७४।।

प्राणप्रकृतियोगं तु ज्ञात्वा स्थापनमाचरेत् ।
प्राणो मन्त्र इति प्रोक्तः प्रकृतिर्मूर्तिरीरिता ।।७५।।

मन्त्रमूर्तिसुसंयोगः शिवसांनिध्यकारणम् ।
तस्माद् वै मन्त्रं मूर्तिं च लिङ्गमध्ये तु विन्यसेत् ।।७६।।

मूर्ध्नि प्रविन्यसेच्छुद्धं मूलं वै सूत्रमध्यके ।
तत्त्वं तु दक्षिणे प्रोक्तमादिं वामे तु विन्यसेत् ।।७७।।

आत्मानं सूत्रमूले तु विन्यसेच्च विचक्षणः ।
मन्त्रन्यासो मया प्रोक्तस्तत्त्वन्यासमथ शृणु ।।७८।।

इस प्रकार विविध मन्त्रों के उद्धार की पद्धति यहाँ बताई गई है। अब इन मन्त्रों के न्यास की पद्धति को सुनो। लिंग की स्थापना करते समय पंचब्रह्म (शिव) मन्त्रों का न्यास करे। लिंग की प्रतिष्ठा के समय मन्त्रों का न्यास कुंभों में भी करे। लिंग और कुंभ के भीतर मन्त्रों के सविधि न्यास से ही प्रतिष्ठाविधि सुचारु रूप से संपन्न होती है। प्राण और प्रकृति के संयोग को सुचारु रूप से समझ लेने के बाद ही आचार्य को प्रतिष्ठा करनी चाहिये। यहाँ मन्त्र को प्राण और मूर्ति को प्रकृति कहा जाता है। मन्त्र और मूर्ति का सम्यक् योग होने से ही वहाँ शिव का सांनिध्य प्राप्त होता है। अतः आचार्य को चाहिये कि लिंग के मध्य में मन्त्र और मूर्ति का सम्यक् योग संपादित करे। लिंग के मस्तक पर शुद्धप्रासाद का, सूत्र के मध्य में मूलप्रासाद का, दक्षिण भाग में तत्त्वप्रासाद और वाम भाग में आदिप्रासाद का न्यास किया जाता है। बुद्धिमान् आचार्य आत्मप्रासाद मन्त्र का न्यास सूत्र के मध्य में करे। इस तरह से यहाँ मन्त्रन्यास का प्रकार बताया गया है। इसके बाद अब तत्त्वन्यास का क्रम बताया जा रहा है।।७३-७८।।

कर्मसादाख्य का न्यास पूर्व दिशा में, कर्तृसादाख्य का दक्षिण दिशा में, मूर्तसादाख्य का पश्चिम में और अमूर्तसादाख्य का उत्तर दिशा में न्यास करे। ऊर्ध्व भाग में शिवसादाख्य

तत्त्वन्यासः

कर्मेशं पुरतो न्यस्य कर्तुः सव्ये तु विन्यसेत् ।
मूर्तं च पञ्च(श्चि)मे न्यस्य त्वमूर्तं चोत्तरे न्यसेत् ।।७९।।

ऊर्ध्वे तु शिवसादाख्यं पञ्चतत्त्वानि विन्यसेत् ।
पञ्चमूर्तिमयं देवं सर्वकारणकारणम् ।।८०।।

अष्टत्रिंशत्कलोपेतं ध्यात्वा तु सकलीकृतम् ।
आवाहयेत् ततो देवं पञ्चाक्षरविधानतः ।।८१।।

षडक्षरेण मन्त्रेण स्थापयेच्च विचक्षणः ।
अष्टाक्षरेण मन्त्रेण संनिधीकरणं कुरु ।।८२।।

निरोधयेद् नवार्णेन दशबीजेन पूजयेत् ।
पाद्यगन्धादिकं दद्याद् ब्रह्माङ्गैः सह बुद्धिमान् ।।८३।।

सकलस्थापनाकाले तद्बीजं हृदि विन्यसेत् ।
सृष्टिमूर्तौ न्यसेत् सृष्टिं स्थितिमूर्तौ न्यसेत् स्थितिम् ।।८४।।

संहारे संहृतिं बीजं विन्यसेत्तु विचक्षणः ।
शक्तीनां स्थापनाकाले तद्बीजं हृदि विन्यसेत् ।।८५।।

का न्यास करना चाहिये। पंचतत्त्वों के न्यास की यही पद्धति है।।७९-८०।।

इस प्रकार पंचमूर्तिस्वरूप, सभी कारणों के भी कारण, अड़तीस कलाओं के न्यास के कारण सकलीकृत भगवान् का ध्यान करे। बाद में पंचाक्षर मन्त्र की सहायता से शिव का आवाहन, षडक्षर मन्त्र की सहायता से स्थापन, अष्टाक्षर मन्त्र से संनिधीकरण, नवाक्षर मन्त्र से संनिरोधन कर दशार्ण मन्त्र से पूजन करे। ब्रह्मांग मन्त्रों से बुद्धिमान् आचार्य पाद्य, गन्ध आदि समर्पित करे। भगवान् शिव के सकल स्वरूप की स्थापना करते समय उन-उन देवताओं के बीज-मन्त्रों की अपने हृदय में स्थापना करे। बुद्धिमान् आचार्य सृष्टिमूर्ति में सृष्टिबीज का, स्थितिमूर्ति में स्थितिबीज का और संहारमूर्ति में संहारबीज का न्यास करे। शक्तियों की स्थापना करते समय उन-उन शक्तियों के बीजों का हृदय में न्यास किया जाता है। प्रतिष्ठा के समय की जाने वाली क्रिया (कर्मकाण्ड) को शरीर और मन्त्र को जीव (प्राण) कहा जाता है। यह क्रिया और मन्त्र का सम्यक् प्रयोग ही लिंग अथवा मूर्ति में प्राणप्रतिष्ठा करने में समर्थ होता है, भगवान् शिव का सांनिध्य उससे प्राप्त होता है। अतः आचार्य को चाहिये कि वह जीव और शरीर के तत्त्व को भलीभाँति समझ लेने के उपरान्त ही प्रतिष्ठा के समय किये जाने वाले मन्त्रन्यास, तत्त्वन्यास आदि समस्त कर्मकाण्डों को संपादित करे।

क्रिया-मन्त्रमाहात्म्यम्

क्रिया शरीरमित्युक्तं मन्त्रो जीव इति स्मृतः ।
क्रियामन्त्रप्रयोगो हि शिवसांनिध्यकारणम् ।।८६।।

तस्माज्जीवं शरीरं च ज्ञात्वा सर्वं समाचरेत् ।
मन्त्रभेदो मया प्रोक्तः प्रणवं च ततः शृणु ।।८७।।

।। इति श्रीवातुले शुद्धाख्यतन्त्रे मन्त्रभेदो नाम
पञ्चमः पटलः समाप्तः ।।

इस तरह से मन्त्र के विविध भेदों का यहाँ वर्णन किया गया है। अब आगे के पटल में प्रणव के स्वरूप को बताया जा रहा है। हे षण्मुख ! उसे तुम सावधानी से सुनो।।८०-८७।।

।। इस तरह से श्री वातुलशुद्धाख्य तन्त्र का यह मन्त्रभेद
नामक पंचम पटल पूरा हुआ ।।५।।

❋ ❋ ❋

षष्ठः पटलः

प्रणवस्वरूपम्

अथ प्रणवभेदं तु प्रवक्ष्यामि समासतः ।
सर्वपापहरं चैव मुक्तिदं परमं नृणाम् ।।१।।
प्रणवं सर्वदेवाख्यं सर्वदेवमयं विदुः ।
सर्वेषां चैव मन्त्राणां प्रणवः प्राण उच्यते ।।२।।

पञ्चभेदः प्रणवः

प्रणवः पञ्चभेदः स्यात् तद्भेदं शृणु षण्मुख ।
साकल्यं शाम्भवं सौख्यं सावश्यं सायुज्यं तथा ।।३।।
एते वै पञ्चभेदास्तु पञ्चवक्त्रेषु चोद्धृताः ।

पञ्चदेवात्मकः प्रणवः

अकारश्च उकारश्च मकारश्च त्रिधा भवेत् ।।४।।
त्रितयान्तर्गतं नादं चतुर्थं मुक्तिकारणम् ।
अकारो दक्षिणांशः स्याद्वामांशः स्यादुकारकः ।।५।।

मन्त्रों के विविध भेदों का वर्णन करने के बाद अब मैं प्रणव के भेदों का संक्षेप में स्वरूप बताऊँगा। यह प्रणव-मन्त्र साधकों के सभी पापों का नाश करने वाला एवं श्रेष्ठ मुक्ति को देने वाला है। प्रणव सर्वदेवमय है, सभी देवता इसमें निवास करते हैं। यह प्रणव-मन्त्र अन्य सभी मन्त्रों का प्राण-स्वरूप है।।१-२।।

इस प्रणव मन्त्र के पाँच भेद होते हैं। हे षण्मुख ! इन भेदों को तुम सुनो। इनके नाम साकल्य, शांभव, सौख्य, सावश्य और सायुज्य हैं। प्रणव के ये पाँच भेद भगवान् पंचब्रह्म शिव के पाँच मुखों से आविर्भूत हुए हैं।।३-४।।

अकार, उकार और मकार ये इसके तीन स्थूल स्वरूप हैं। इन तीनों वर्णों के अन्तर्गत स्थित चतुर्थ अक्षर नाद (हकार) मुक्ति का कारण माना गया है। अकार इसका दक्षिण अंश और उकार वाम अंश है। मकार की स्थिति मध्य में मानी गई है। इस तरह से ये तीनों

मकारो मध्यदेशः स्यात्तस्मात् त्रिः प्रणवात्मकम् ।
हकारस्तस्य मध्ये तु संस्थितः सर्वकारणम् ।।६।।
अकारं ब्रह्मदैवत्यमुकारं विष्णुदैवतम् ।
मकारं रुद्रदैवत्यमोङ्कारं च सदाशिवम् ।।७।।
नादं शिवमयं विद्यात् पञ्चदेवात्मकं विदुः ।
अकारोकारसंयोगादोकारस्वर उच्यते ।।८।।
ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म वदन्ति शिवयोगिनः ।

१. साकल्यप्रणवः

पञ्चमं प्रथमोपेतं तृतीयान्तर्गतं परम् ।।९।।
साकल्यमिति विज्ञेयं पूर्ववक्त्रे तु जायते ।

अ उ म् ओं

२. शाम्भवप्रणवः

आदिबीजं चतुर्थान्तं भान्तं भूतान्तसंयुतम् ।।१०।।
चतुर्थस्वरसंयुक्तं शाम्भवं दक्षिणानने ।

अ उ म ह ईं

३. सौख्यप्रणवः

वर्गादि पञ्चमं चैव षष्ठान्तं जीवसंयुतम् ।।११।।

वर्ण मिलकर प्रणव का स्वरूप धारण करते हैं। इन सबके के मध्य में हकार की स्थिति है, जो सभी का मूलकारण है।।५-६।।

यहाँ अकार के ब्रह्मा, उकार के विष्णु और मकार के देवता रुद्र हैं। ओङ्कार के देवता सदाशिव और नाद नामक हकार के देवता शिव हैं। इस तरह से प्रणव के ये पाँच अवयव पंचदेवात्मक हैं। अकार और उकार के संयोग से ओकार स्वर की निष्पत्ति होती है। शिवयोगी **ॐ** इस रूप में निष्पन्न प्रणव का एकाक्षर ब्रह्म के रूप में वर्णन करते हैं।।७-९।।

पंचम वर्ण उकार के पहले प्रथम वर्ण अकार को रखने के उपरान्त मध्य स्थित मकार का उद्धार करने से साकल्य नामक प्रणव का स्वरूप बनता है। यह पंचवक्त्र सदाशिव के पूर्व मुख से आविर्भूत है।।१०।।

आदिबीज अकार के बाद चतुर्थान्त अर्थात् पंचम उकार, भान्त अर्थात् मकार और भूतान्त हकार को रखने बाद इसके आगे चतुर्थ स्वर ईकार को संयोजित करने पर **अ उ म ह ईं** यह शांभव प्रणव का स्वरूप बनता है। यह पंचमुख शिव के दक्षिण मुख का प्रतिनिधि माना जाता है।।११।।

वर्ग का आदि अकार, पंचम उकार, षष्ठ वर्ग का अन्तिम मकार को जब जीवसंज्ञक

तृतीयस्वरसंयुक्तं सौख्यं वै पश्चिमानने ।

अ उ म ह ईँ

४. सावश्यप्रणवः

अकारं पञ्चमं चैव मकारं तत्त्वबीजकम् ।।१२।।

एकादशकलोपेतं सावश्यं सौम्यवक्त्रके ।

अ उ म ह एँ

५. सायुज्यप्रणवः

आदिप्रकृतिवर्णं च पञ्चमं च षडन्तकम् ।।१३।।

गुह्यं चतुर्दशोपेतं सायुज्यं चोर्ध्ववक्त्रके ।

अ उ म ह औँ

१. साकल्यस्वरूपम्

साकल्यं रक्तवर्णं स्यात् छन्दोऽनुष्टुप् प्रकीर्तितम् ।।१४।।

ऋषिः सनत्कुमारस्तु पार्थिवं भूतमुच्यते ।
तत्त्वं कर्मेश इत्युक्तमीशानश्चाधिदैवतम् ।।१५।।

मात्राचतुर्भिः संयुक्तं सर्वसिद्धिकरं परम् ।

२. शाम्भवस्वरूपम्

शाम्भवं त्वञ्जनप्रख्यं त्रिष्टुप्छन्दः प्रकीर्तितम् ।।१६।।

हकर से संयुक्त कर तृतीय स्वर के साथ रखा जाता है, तो **अ उ म ह ईँ** यह सौख्य नामक प्रणव का स्वरूप बनता है। यह पंचमुख शिव के पश्चिम मुख का प्रतिनिधि माना जाता है।।१२।।

अकार, पंचम स्वर उकार, मकार और तत्त्वबीज हकार के साथ एकादश कला एकार को संयुक्त करने पर **अ उ म ह एँ** यह सावश्य प्रणव का स्वरूप बनता है। यह पंचमुख शिव के उत्तर मुख का प्रतिनिधि माना जाता है।।१३।।

प्रकृति स्वर का प्रथम वर्ण अकार, पंचम स्वर उकार, षष्ठ वर्ग का अन्तिम वर्ण मकार, गुह्य हकार जब चतुर्दश स्वर औकार से संयुक्त होता है, तब **अ उ म ह औँ** यह सायुज्य नामक प्रणव का स्वरूप बनता है। यह पंचमुख शिव के ऊर्ध्व मुख का प्रतिनिधि माना जाता है।।१४।।

इनमें साकल्य प्रणव का वर्ण लाल और छन्द अनुष्टुप् बताया गया है। इसके ऋषि सनत्कुमार और भूत पृथिवी है। तत्त्व कर्मसादाख्य और अधिपति देवता ईशान हैं। चार मात्राओं से संयुक्त यह साकल्य प्रणव सभी श्रेष्ठ सिद्धियों को देने वाला है।।१५-१६।।

शांभव प्रणव का वर्ण अंजन के समान गहरा काला है। छन्द त्रिष्टुप्, ऋषि भारद्वाज

भारद्वाज ऋषिर्ज्ञेयः सलिलं भूतमुच्यते ।
तत्त्वं कर्तृसमाख्यातमीश्वरस्त्वधिदैवतम् ।।१७।।
पञ्चमात्रासमोपेतं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।

३. सौख्यस्वरूपम्

सौख्यं गोक्षीरवर्णं स्याद् बृहतीच्छन्द ईरितम् ।।१८।।
विश्वामित्र ऋषिर्ज्ञेयस्तेजो भूतमिति स्मृतम् ।
समूर्तं तत्त्वमित्युक्तं ब्रह्मा स्यादधिदैवतम् ।।१९।।
चतुर्मात्रासमायुक्तं सर्वसम्पत्करं परम् ।

४. सावश्यस्वरूपम्

सावश्यं कुङ्कुमाभं स्याज्जगतीच्छन्द ईरितम् ।।२०।।
गौतमोऽस्य ऋषिर्ज्ञेयो मारुतं भूतमुच्यते ।
अमूर्तं तत्त्वमित्युक्तमीशस्तस्याधिदैवतम् ।।२१।।
पञ्चमात्रासमोपेतं सर्ववश्यकरं परम् ।

५. सायुज्यस्वरूपम्

सायुज्यं स्फटिकाभं स्याज्जगतीच्छन्द ईरितम् ।।२२।।

और भूत जल है। कर्तृसादाख्य तत्त्व और अधिपति देवता ईश्वर हैं। यह पांच मात्राओं वाला शांभव प्रणव सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है।।१७-१८।।

सौख्य नामक प्रणव गाय के दूध के समान श्वेत वर्ण का है। इसका छन्द बृहती बताया गया है। विश्वामित्र ऋषि और भूत तेजस्तत्त्व है। समूर्तसादाख्य तत्त्व और इसके आधिदेवता ब्रह्मा हैं। चार मात्राओं वाला यह सौख्य नामक प्रणव सभी प्रकार की सम्पत्तियों को देने वाला है।।१८-२०।।

सावश्य प्रणव केसर के समान पीत वर्ण का माना गया है। इसका छन्द जगती और ऋषि गौतम हैं। भूत मारुत और तत्त्व अमूर्तसादाख्य है। इसके अधिपति देवता ईश हैं। पाँच मात्राओं वाला यह सावश्य प्रणव सभी को वश में करने में समर्थ है।।२०-२२।।

सायुज्य प्रणव स्फटिक के समान श्वेत वर्ण का है। इसका छन्द जगती है। ऋषि अगस्त्य और भूत आकाश माना गया है। शिवसादाख्य तत्त्व और इसके अधिपति सदाशिव हैं। पांच मात्राओं वाला यह सायुज्य प्रणव सभी प्रकार की अभीष्ट वस्तुओं का प्रदाता है।।२२-२४।।

सभी पंचप्रणव वर्णों में शिवबीज हकार को ही प्रणव के रूप में मान्यता मिली हैं।

अगस्त्योऽस्य ऋषिर्ज्ञेयो व्योम भूतमुदाहृतम् ।
शिवाख्यं तत्त्वमित्युक्तमधिदैवं सदाशिवम् ।।२३।।
पञ्चमात्रासमोपेतं सर्वाभीष्टफलप्रदम् ।

प्रणवस्य शिवबीजत्वम्

प्रणवः सर्ववर्णानां शिवबीजमिति स्मृतः ।।२४।।
बिन्दुनादप्रकारेण प्रणवाकृतिरुच्यते ।
सृष्टिस्थितिनिमित्ताय उच्चारणमधोमुखम् ।।२५।।
साकल्यादीनि पञ्चैते क्रमेण परिकीर्तिताः ।
उक्तः प्रणवभेदश्च ब्रह्मभेदमथ शृणु ।।२६।।

।। इति श्रीवातुले शुद्धाख्यतन्त्रे प्रणवभेदो नाम
षष्ठः पटलः समाप्तः ।।

बिन्दु और नाद के संयोग से प्रणव की आकृति स्पष्ट होती है। सृष्ट पदार्थ के संरक्षण के निमित्त मुमुक्षुजन निश्चल मन से इनका उच्चारण करें।।२४-२५।।

इस तरह से यहाँ इस छठे पटल में साकल्य आदि के रूप में प्रणव के पाँच भेदों का वर्णन किया गया है। अब अगले सातवें पटल में ब्रह्म के भेदों का वर्णन होगा, उसे तुम सुनो।।२६।।

।। इस तरह से श्री वातुलशुद्धाख्य तन्त्र का यह प्रणवभेद
नामक षष्ठ पटल पूरा हुआ ।।६।।

❋ ❋ ❋

सप्तमः पटलः

ब्रह्मपञ्चकम्

अथ वक्ष्ये विशेषेण ब्रह्मभेदविधिं परम् ।
बृहत्वाद् बृंहणत्वाच्च ब्रह्मेति परिकीर्तितम् ।।१।।
ब्रह्मतत्त्वमिति ज्ञेयं भवेत् तद् ब्रह्म पञ्चधा ।
पञ्चब्रह्मप्रकारेण पञ्चविंशतिभेदकम् ।।२।।
एभिर्भेदैर्युतं पञ्चविंशतिस्तत्त्वसंयुतम् ।
इत्येतत् पञ्चभेदत्वाद् ब्रह्मपञ्चकमीरितम् ।।३।।
मूर्तिब्रह्म भवेत् पूर्वं तत्त्वब्रह्म द्वितीयकम् ।
भूतब्रह्म तृतीयं स्यात् पिण्डब्रह्म चतुर्थकम् ।।४।।
पञ्चमं च कलाब्रह्म ब्रह्मपञ्चकमीरितम् ।
पञ्चानां ब्रह्मणामेषां लक्षणं वक्ष्यतेऽधुना ।।५।।

१. मूर्तिब्रह्म

ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च मूर्तयः प्रणवाधिपाः ।
एतत्प्रणवरूपं तु मूर्तिरूपमुदाहृतम् ।।६।।

प्रणव के भेदों का निरूपण करने के बाद अब ब्रह्म के भेदों का परिचय दिया जा रहा है। यह स्वयं बृहत् है और समस्त जगत् का उपबृंहण करता है, अतः इसे ब्रह्म कहा जाता है।।१।।

यही ब्रह्मतत्त्व का लक्षण है। यह ब्रह्म पहले पाँच प्रकार का होकर पंचब्रह्म कहलाता है। फिर इसीके पचीस भेद हो जाते हैं। इन पचीस भेदों में विभक्त हुआ ब्रह्म पचीस तत्त्वों से संयुक्त हो जाता है। इनमें पाँच भेद ही मुख्य हैं, इसीलिये शास्त्रों में पंचब्रह्म के नाम से ये प्रसिद्ध हैं।।२-३।।

ब्रह्मतत्त्व के इन पाँच भेदों में पहला मूर्तिब्रह्म, दूसरा तत्त्वब्रह्म, तीसरा भूतब्रह्म, चौथा पिण्डब्रह्म और पांचवाँ कलाब्रह्म कहलाता है। ब्रह्मपंचक के नाम से ये प्रसिद्ध हैं। अब मैं इनमें से प्रत्येक का लक्षण बताने जा रहा हूँ।।४-५।।

ॐकार के तीन अक्षरों की ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर नामक तीन अधिपति-मूर्तियाँ हैं। इन मूर्तियों के कारण प्रणव को *मूर्तिब्रह्म* कहा जाता है। इस मूर्तिब्रह्म के साकल्य आदि पाँच भेद हो जाते हैं।।६-७।।

साकल्यादिस्तु यत्पञ्च मूर्तिब्रह्म तदुच्यते ।

२. तत्त्वब्रह्म

एतेषां चैव तत्त्वानां शिवतत्त्वं प्रभुः स्मृतम् ।।७।।

एतच्छिवमयं बीजं शिवार्णं चेति कीर्तितम् ।
तस्माच्छुद्धादि चात्मान्तं तत्त्वब्रह्म प्रकीर्तितम् ।।८।।

३. भूतब्रह्म

प्रथमं मांसबीजं स्याद् द्वितीयं मेदसो भवेत् ।
तृतीयं षष्ठबीजं स्याच्चतुर्थं सप्तमं तथा ।।९।।

पञ्चमं पञ्चमं विद्यात् पाञ्चभौतिकमुच्यते ।
मांसं वै पार्थिवं बीजं मेदसो ह्याप उच्यते ।।१०।।

षष्ठं तेजो विनिर्दिष्टं सप्तमं मारुतात्मकम् ।
पञ्चमं व्योमबीजं स्याद् भूतब्रह्मेति कीर्तितम् ।।११।।

४. पिण्डब्रह्म

सप्तके प्रकृतौ वर्णे तुरीयं पञ्चमं त्यजेत् ।
शेषेषु पञ्चवर्णेषु पञ्चमं सह योजयेत् ।।१२।।

प्रणवाक्षरों में शिवतत्त्व की प्रधानता है, अर्थात् अकार-उकार-मकार नामक समस्त वर्णों की उत्पत्ति हकार से होती है। अतः शिवस्वरूप यह हकार ही शिवबीज के नाम से प्रसिद्ध है। शुद्धप्रासाद से आत्मप्रासाद पर्यन्त विभक्त यह शिवबीज हकार ही *तत्त्व- ब्रह्म* कहलाता है।।७-८।।

अब तृतीय भूतब्रह्म का स्वरूप बताया जा रहा है — प्रथम भूत पृथिवी का मांस बीज है। द्वितीय भूत जल का मेदस्, तृतीय भूत अग्नि का षष्ठ, चतुर्थ भूत वायु का सप्तम बीजाक्षर माना गया है। पंचम भूत आकाश का बीजाक्षर पंचम है। इस प्रकार ये पाँच पृथिवी आदि पांच भूतों के बीजाक्षर माने गये हैं।।९-१०।।

यहाँ मांस पद से पार्थिव बीज लकार का, मेदस् से जलीय बीज वकार का, षष्ठ पद से तैजस बीज रेफ का, सप्तम पद से वायु के बीज यकार का और पंचम से आकाश के बीज हकार का ग्रहण किया जाता है। शास्त्रों में *भूतब्रह्म* के नाम से ये वर्णित हैं।।१०-११।।

अब चतुर्थ पिण्डब्रह्म का स्वरूप बताया जा रहा है—सोलह स्वरों में सात ह्रस्व स्वर प्रकृति वर्ण कहलाते हैं। इनमें से चतुर्थ ऋकार और पंचम ऌकार को छोड़कर बचे हुए पाँच स्वरों को पंचम हकार से संयुक्त कर दे। फिर इन सबको बिन्दु और नाद से

बिन्दुनादसमायुक्तं पञ्चार्णानामनुक्रमात् ।
तेषां नामानि वक्ष्यामि समासाच्छृणु षण्मुख ।।१३।।

सद्योजातं तथा पूर्वं वामेदवं द्वितीयकम् ।
अघोरं च तृतीयं स्याच्चतुर्थं पुरुषं तथा ।।१४।।

ईशानं पञ्चमं विद्यादेवमाख्याः प्रकीर्तिताः ।
प्रणवादिचतुर्थ्यन्तान् स्वनामपदमध्यगान् ।।१५।।

नमस्कारान्तसंयुक्तान् सद्यादीन् योजयेत् क्रमात् ।
शिवार्णे जीववर्णानां संयोगात् पिण्डमुच्यते ।।१६।।

कर्मेशः पिण्डरूपत्वात् पिण्डब्रह्मेति कीर्तितम् ।

५. कलाब्रह्म

ईशानः पुरुषश्चैवमघोरो वामदेववकः ।।१७।।

सद्योजातश्च पञ्चैते कलाब्रह्म प्रकीर्तिताः ।
ईशानस्य कलाः पञ्च पुरुषस्य चतुष्कलाः ।।१८।।

अघोरस्य कलाश्चाष्टौ वामदेवे त्रयोदश ।
सद्यस्याष्टकला ज्ञेया अष्टत्रिंशत्कलाः स्मृताः ।।१९।।

संयोजित कर दे। अभिप्राय यह है कि पाँच हकारों को अकार आदि पाँच ह्रस्व वर्णों और बिन्दु-नाद से संयुक्त कर दे। तब उनका स्वरूप यह होगा हँ हिँ हुँ हेँ होँ। ये ही पिण्डब्रह्म के पाँच बीज हैं। हे षण्मुख स्कन्द ! अब तुम इनके नाम संक्षेप में सुनो।।१२-१३।।

सद्योजात पहला, वामदेव दूसरा, अघोर तीसरा, पुरुष चौथा और ईशान पांचवाँ नाम है। इन नामों के पहले प्रणव और बीजाक्षर, बाद में चतुर्थी विभक्ति से संयुक्त अपना अपना नाम और अन्त में नमः पद को यहाँ संयुक्त किया जाता है। तब उनका स्वरूप यह बनेगा — ॐ हं सद्योजाताय नमः, ॐ हिं वामदेवाय नमः, ॐ हुं अघोराय नमः, ॐ हें तत्पुरुषाय नमः, ॐ हों ईशानाय नमः।।१४-१६।।

शिवबीज हकार के साथ अकार आदि पाँच जीव-वर्णों का संयोग होने से यह कर्मेश तत्त्व पिण्डब्रह्म के नाम से शास्त्रों में वर्णित है।।१६-१७।।

ईशान, तत्पुरुष, अघोर, वामदेव और सद्योजात नामक पाँच ब्रह्ममन्त्र ही कला- ब्रह्म कहलाते हैं। इनमें ईशान मन्त्र की पाँच, तत्पुरुष की चार, अघोर की आठ, वामदेव की तेरह और सद्योजात मन्त्र की आठ — कुल मिलाकर इनकी अड़तीस कलाएँ मानी गई हैं।।१७-१९।।

प्रथम ईशान मन्त्र की 'ईशानः सर्वविद्यानाम्' यह पहली कला, 'ईश्वरः सर्वभूतानाम्'

अष्टत्रिंशत्कलाः

ईशानकलाः

ईशानः सर्वविद्यानां प्रथमं परिकीर्तितम् ।
ईश्वरः सर्वभूतानां द्वितीयं परिकीर्तितम् ।।२०।।

ब्रह्माधिपतिरित्येव ब्रह्मणोऽधिपतिस्तथा ।
ब्रह्मेतीदं तृतीयं स्याच्छिवो मेऽस्तु चतुर्थकम् ।।२१।।

सदाशिवोमिति ज्ञेयं पञ्चमं परिकीर्तितम् ।
एता ईशानरूपाश्च पञ्चसंख्याः प्रकीर्तिताः ।।२२।।

तत्पुरुषकलाः

तत्पुरुषाय विद्महे प्रथमं परिकीर्तितम् ।
महादेवाय धीमहि तन्नो चेति द्वितीयकम् ।।२३।।

रुद्रस्तृतीयमित्युक्तं चतुर्थं तु प्रचोदयात् ।
एवं तत्पुरुषस्यैव चतस्रश्च कलाः स्मृताः ।।२४।।

अघोरकलाः

अघोरेभ्यस्तथा पूर्वं घोरेभ्यश्च द्वितीयकम् ।
घोरघोरस्तृतीयं स्यात् तरेभ्यश्च चतुर्थकम् ।।२५।।

सर्वतः पञ्चमं विद्यात् षष्ठं सर्वमुदाहृतम् ।
सर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु सप्तमं चेति कीर्तितम् ।।२६।।

अष्टमं रुद्ररूपेभ्यश्चाघोरस्याष्टकं स्मृतम् ।

वामेदवकलाः

प्रथमं वामदेवाय ज्येष्ठायेति द्वितीयकम् ।।२७।।

यह दूसरी कला, 'ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा' यह तीसरी कला, 'शिवो मे अस्तु' यह चौथी कला और 'सदाशिवोम्' यह पाँचवीं कला मानी गई है। इस तरह से ये पाँच कलाएँ ईशान-स्वरूप मानी गई हैं।।२०-२२।।

द्वितीय तत्पुरुष मन्त्र की 'तत्पुरुषाय विद्महे' यह पहली कला, 'महादेवाय धीमहि तन्नो' यह दूसरी, 'रुद्रः' यह तीसरी और 'प्रचोदयात्' यह चौथी कला है।।२३-२४।।

तृतीय अघोर मन्त्र की 'अघोरेभ्यः' यह पहली, 'अथ घोरेभ्यः' यह दूसरी, 'घोरघोर' यह तीसरी, 'तरेभ्यः' यह चौथी, 'सर्वतः' यह पांचवीं, 'सर्व' यह छठी 'सर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु' यह सातवीं और 'रुद्ररूपेभ्यः' यह आठवीं कला है।।२५-२७।।

चतुर्थ वामदेव मन्त्र की 'वामदेवाय नमः' पहली, 'ज्येष्ठाय नमः' दूसरी, 'रुद्राय नमः' तीसरी, 'कालाय नमः' चौथी, 'कल' यह पांचवीं, 'विकरणाय नमः' छठी, 'बल' यह सातवीं, 'विकरणाय नमः' आठवीं, 'बल' यह नवीं, 'प्रमथनाय नमः' दसवीं,

तृतीयं रुद्राय नमः कालायेति चतुर्थकम् ।
पञ्चमं कल इत्युक्तं विकर्णाय नमस्तु षट् ।।२८।।

सप्तमं बल इत्युक्तमष्टमं विकरणाय च ।
नवमं बल इत्युक्तं दशमं प्रमथनाय च ।।२९।।

सर्वभूतदमनाय नमश्चैकादशं स्मृतम् ।
द्वादशं च नमश्चेति उन्मनाय त्रयोदशम् ।।३०।।

एतास्त्रयोदशकला वामदेवकलाः स्मृताः ।

सद्योजातकलाः

सद्योजातं प्रपद्यामि प्रथमं परिकीर्तितम् ।।३१।।

द्वितीयं सद्योजाताय वै नमश्चेति कीर्तितम् ।
तृतीयं च भवे चैव भवे चेति चतुर्थकम् ।।३२।।

पञ्चमं च नातिभवे षष्ठं चेति भजस्व माम् ।
सप्तमं तु भवं विद्यादुद्भवायाष्टमं भवेत् (नमः) ।।३३।।

एवमष्टकलाश्चैव सद्योजाते प्रकीर्तिताः ।
ईशानादि च सद्यान्ता अष्टत्रिंशत्कलाः स्मृताः ।।३४।।

कलाब्रह्म इति प्रोक्तं पञ्चब्रह्म च कीर्तितम् ।
मूर्त्यादीनां कलान्तानां लक्षणं वर्ण्यते क्रमात् ।।३५।।

'सर्वभूतदमनाय नमः' ग्यारहवीं, 'मनः' यह बारहवीं और 'उन्मनाय नमः' यह तेरहवीं कला है।।२७-३१।।

पंचम सद्योजात मन्त्र की 'सद्योजातं प्रपद्यामि' यह पहली, 'सद्योजाताय वै नमः' दूसरी, 'भवे' तीसरी, 'अभवे' चौथी, 'नातिभवे' पांचवीं, 'भजस्व माम्' छठी, 'भव' सातवीं और 'उद्भवाय' यह आठवीं कला है। इस तरह सद्योजात मन्त्र की ये आठ कलाएँ हैं।।३१-३४।।

इस प्रकार ईशान से सद्योजात पर्यन्त पंचब्रह्म के नाम से प्रसिद्ध इन पाँच मन्त्रों की अड़तीस कलाओं का स्वरूप यहाँ बताया गया है। इसीलिये पंचब्रह्म को ही कलाब्रह्म कहा जाता है। इस तरह से यहाँ मूर्तिब्रह्म से लेकर कलाब्रह्म तक का पचीस प्रकार का स्वरूप बताया गया है। अब इनका पृथक् पृथक् लक्षण बताया जा रहा है।।३४-३५।।

ईशान, ईश्वर, ब्रह्मा, शिव और सदाशिव — इन पाँच मूर्तियों का जो जो स्वरूप

ईशानश्चेश्वरो ब्रह्मा शिवश्चेति सदाशिवः ।
पञ्चमूर्त्याकृतिर्यद्यत् तत्तद् वै प्रणवाकृतिः ।।३६।।

सद्यादीनां पञ्चतत्त्वभावना

सद्यादीनां च पञ्चानां क्रमेण परिलक्ष्यते ।
कर्म कर्तृ समूर्तिश्च अमूर्तिश्च शिवस्तथा ।।३७।।
पञ्चसादाख्यतत्त्वानां यद्भावं विन्यसेत् क्रमात् ।
आत्मादीनि च तद्भावं शुद्धान्तानि च लक्ष्यते ।।३८।।
पार्थिवं पीतवर्णं स्याच्छुक्लाभा ह्याप ईरिताः ।
रक्ताभं तैजसं प्रोक्तं कृष्णाभमनिलं विदुः ।।३९।।
व्योम धूम्रनिभं विद्यादेवं भूताकृतिर्भवेत् ।

सद्योजातस्वरूपम्

गोक्षीरशङ्खवर्णाभं जटामुकुटमण्डितम् ।।४०।।
चतुर्वक्त्रं चतुर्बाहुं नेत्रद्वादशभिर्युतम् ।
सर्वाभरणसंयुक्तमेवं सद्य उदाहृतम् ।।४१।।

वामदेवस्वरूपम्

जपापुष्पनिभं वामं जटामकुटमण्डितम् ।
चतुर्वक्त्रसमायुक्तं चतुर्भुजसमन्वितम् ।।४२।।

है, वही स्वरूप पाँच प्रणवों का भी है। सद्योजात आदि पाँच मूर्तियों का स्वरूप यहाँ बताया जा रहा है। ये ही पाँच मूर्तियाँ क्रमशः कर्म, कर्तृ, मूर्त, अमूर्त और शिव सादाख्य के नाम से प्रसिद्ध हैं। इन पाँच सादाख्य तत्त्वों का जो स्वरूप है, सद्योजात आदि पाँच मूर्तियों की भी उसी रूप में भावना करे। आत्मप्रासाद से लेकर शुद्धप्रासाद पर्यन्त पाँच प्रासाद मन्त्रों से इनकी भावना की जाती है।।३६-३८।।

पार्थिव तत्त्व पीत वर्ण, जल तत्त्व शुक्ल वर्ण, तैजस तत्त्व रक्त वर्ण, वायवीय तत्त्व कृष्ण वर्ण और व्योम तत्त्व धूम्र वर्ण का माना गया है। सद्योजात आदि पाँच मूर्तियों का भी क्रमशः यही वर्ण है।।३९-४०।।

इनमें से सद्योजात मूर्ति का ध्यान इस प्रकार बताया गया है — गोक्षीर (गाय का दूध) और शंख के समान इसका श्वेत वर्ण है। यह जटा और मुकुट से अलंकृत है। इसके चार मुँह और चार भुजाएँ हैं। यह बारह नेत्र वाली है और सभी तरह के आभूषणों को धारण किये हुए है।।४०-४१।।

वामदेव का ध्यान करते समय जपा पुष्प के समान लाल वर्ण, जटा और मुकुट से अलंकृत, चार मुँह और चार भुजाओं एवं बारह नेत्र वाले, सर्वांग सुन्दर, लाल वस्त्र

नेत्रैर्द्वादशभिर्युक्तं सर्वावयवसंयुतम् ।
रक्तवस्त्रधरं देवं रक्तवस्त्रोत्तरीयकम् ।।४३।।

दक्षिणेऽभयटङ्कं च वामे वरदशूलधृत् ।
रक्तगन्धानुलिप्ताङ्गं रक्तमाल्यैरलङ्कृतम् ।।४४।।

सर्वलक्षणसंयुक्तं सर्वाभरणभूषितम् ।
वामदेव इति प्रोक्तं सर्ववश्यकरं परम् ।।४५।।

अघोरस्वरूपम्

भिन्नाञ्जनसमप्रख्यमघोरं रौद्ररूपकम् ।
चतुर्वक्त्रं चतुर्बाहुं जटामकुटमण्डितम् ।।४६।।

द्वादशाक्षिसमायुक्तं दंष्ट्राकरालमास्यकम् ।
व्याघ्रचर्माम्बरधरं व्याघ्रचर्मोत्तरीयकम् ।।४७।।

पादनूपुरसंयुक्तं सर्वाभरणभूषितम् ।
दिव्यगन्धानुलिप्ताङ्गं दिव्यपुष्पैरलङ्कृतम् ।।४८।।

टङ्कशूलसमायुक्तं वरदाभयसंयुतम् ।
सर्वावयवसंयुक्तं सर्वलक्षणसंयुतम् ।।४९।।

और लाल ही उत्तरीय (दुपट्टा) धारण किये हुए, दाहिने हाथों में अभय और टंक तथा बायें हाथों में वरमुद्रा और शूल को धारण किये हुए, लाल चन्दन से लिप्त शरीर वाले, लाल पुष्पों की माला को धारण किये हुए, सामुद्रिक शास्त्र में वर्णित सभी श्रेष्ठ लक्षणों वाले अवयवों से सुशोभित, सभी प्रकार के आभूषणों से अलंकृत स्वरूप की भावना की जाती है। वामदेव के इस स्वरूप की भावना करने वाला सभी को अपने वश में कर लेने की सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है।।४२-४५।।

अघोर का स्वरूप घने काजल के समान कृष्ण वर्ण का होने से बहुत भयानक लगता है। चार मुख, चार भुजा और बारह नेत्रों वाला यह स्वरूप भी जटा और मुकुट से मंडित है। लंबी डाढों के कारण इनका मुख डरावना लगता है। व्याघ्र के चर्म का वस्त्र और यज्ञोपवीत धारण किये हुए है। पैरों में नूपुर पहने हुए है और सभी प्रकार के आभूषणों से इनका शरीर सुशोभित है। दिव्य गन्ध से सारा शरीर सुवासित है और दिव्य पुष्पों की माला से सुशोभित है। इनके दाहिने हाथों में टंक तथा शूल और बायें हाथ में वर और अभय मुद्रा से सुशोभित है। इस तरह सर्वांग सुन्दर एवं सभी शुभ लक्षणों से संयुक्त है यह अघोर का स्वरूप। इस स्वरूप का ध्यान करने से साधक सभी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेता है।।४६-५०।।

अघोररूपमेवं हि सर्वशत्रुजयं भवेत् ।

तत्पुरुषस्वरूपम्

पुरुषं कुङ्कुमाभं स्याच्चतुर्वक्त्रं चतुर्भुजम् ।।५०।।
जटामकुटसंयुक्तं नेत्रैर्द्वादशभिर्युतम् ।
सर्वावयवसंयुक्तं पीताम्बरधरं परम् ।।५१।।
पीतवस्त्रोत्तरीयं च सर्वाभरणभूषितम् ।
सव्ये तु टङ्कमभयं शूलं वरदमन्यके ।।५२।।
दिव्यगन्धानुलिप्ताङ्गं दिव्यपुष्पैरलङ्कृतम् ।
एवं तत्पुरुषं विद्यात् सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।।५३।।

ईशानस्वरूपम्

ईशानं स्फटिकाभं स्याद् जटामकुटमण्डितम् ।
चतुर्वक्त्रसमायुक्तं द्वादशाक्षिसमन्वितम् ।।५४।।
चतुर्भुजसमायुक्तं सर्वलक्षणसंयुतम् ।
शुक्लाम्बरधरं सौम्यं शुक्लवस्त्रोत्तरीयकम् ।।५५।।
टङ्कशूलसमायुक्तं वरदाभयसंयुतम् ।
सर्वावयवसंयुक्तं सर्वाभरणभूषितम् ।।५६।।
दिव्यगन्धानुलिप्ताङ्गं दिव्यपुष्पैरलङ्कृतम् ।
एवमीशानरूपं तु सद्यो मोक्षप्रदायकम् ।।५७।।

तत्पुरुष का स्वरूप कंकुम के समान पीत वर्ण का है। इनके भी चार मुख, चार भुजा और बारह नेत्र हैं। जटा और मुकुट धारण किये हुए है। सर्वांग सुन्दर यह स्वरूप पीताम्बर धारण किये हुए है। इनका उत्तरीय भी पीत वर्ण का ही है। सब प्रकार के आभूषणों से यह सुशोभित है। दाहिने हाथ टंक और अभय मुद्रा से तथा बायें हाथ शूल और वरद मुद्रा से अलंकृत हैं। दिव्य गन्ध से इनका सारा शरीर सुवासित है और दिव्य पुष्पों की माला से सुशोभित है। इस स्वरूप का ध्यान करने से साधक को सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।।५०-५३।।

